# पाठ 3. आओ, पौधे लगाएँ

## पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को पेड़-पौधों का महत्त्व बताना है। बच्चों को पेड़-पौधे लगाने तथा बगीचों से फूल न तोड़ने की शिक्षा दी गई है। पेड़-पौधों को बचाकर ही पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। सभी को मिलकर पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

## पाठ का सारांश

सुधा, रोहन, प्रभा और चिराग दोस्त थे। एक दिन सुधा, रोहन और प्रभा सुबह-सुबह कहीं से आ रहे थे और रास्ते में उन्हें चिराग मिल गया। चिराग ने रोहन से पूछा कि तुम सब कहाँ से आ रहे हो? रोहन ने बताया कि हम सब पास की कालोनी से फूल तोड़कर आ रहे हैं। चिराग उनसे कहता है कि यानी तुम चोरी करने गए थे! इस पर सुधा कहती है कि इसमें चोरी करने की क्या बात है? तभी चिराग ने कहा कि दूसरे के घर से फूल तोड़ना चोरी करना ही है। फिर चिराग कहता है कि क्या उन लोगों ने तुम्हारे लिए पौधे लगाए हैं? फिर सुधा कहती है कि वहाँ जगह-जगह पर लिखा है कि 'फूल तोड़ना मना है', फिर भी लोग फूल तोड़ते हैं। चिराग ने समझाया कि लोग फूल तोड़कर बगीचे की शोभा नष्ट कर देते हैं। अगर फूलों का शौक है तो अपने आँगन में पौधे लगाओ। उनसे आनंद भी मिलेगा और फूल भी मिलेंगे। इस पर रोहन ने कहा कि अब हम किसी के घर या सार्वजनिक स्थानों के फूल नहीं तोड़ेंगे और अपने घर में पौधे लगाएँगे। चिराग ने बताया कि पेड़-पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं। सुधा ने बताया कि आज हम जो पौधे लगाएँगे कल वही सबको छाया देंगे। प्रभा ने कहा कि पेड़-पौधों से हमें शुद्ध वायु, लकड़ी, फल, सब्ज़ी आदि मिलता है। इसलिए हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। फिर सबने मिलकर अपने जन्मदिन पर एक-एक पौधा लगाने का वादा किया।

## अध्यापन संकेत

पाठ पठन से पूर्व **पहले पहल** में दी गई गतिविधि बच्चों से करवाएँ। बच्चों से पेड़-पौधों के महत्त्व तथा पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करें। उनसे पूछें कि पेड़ से हमें क्या-क्या मिलता है? एक बीज से पेड़ कैसे बनता है? पेड़-पौधों की देखभाल हमें किस प्रकार करनी चाहिए? आदि। उसके पश्चात् पाठ का सस्वर वाचन करें।

बच्चों से पूछिए तथा उन्हें समझाइए–

- दस फल देने वाले पेड़-पौधों के नाम बताइए।
- दस खुशबू वाले फूलों के नाम बताइए।
- क्या उन्होंने कभी कोई पौधा लगाया है?
- किस ऋतु में पौधे खिल जाते हैं?
- उन्हें समझाएँ कि पौधों में भी जीवन होता है। हमें फूल-पत्ती नहीं तोड़नी चाहिए।
- यह भी बताएँ कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सबको मिलकर पेड़ लगाने चाहिए। पर्यावरण सुरक्षित तो हम सब सुरक्षित।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।